
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 305 मुरादाबाद 03 March 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## रूसी राष्ट्रपति पर भड़के विपक्षी नेता नेवेलनी, बोले- पुतिन रूस नहीं



यूक्रेन को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा उठाए गए कदम से जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नेवेलनी भड़क गए हैं। उन्होंने पुतिन पर निशाना साधा है। उन्होंने यूक्रेन-रूस मसले को लेकर लगातार 12 ट्वीट कर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है कि पुतिन रूस नहीं है। मूक लोगों का देश न बनें- नेवेलनी नेवेलनी ने रूसी लोगों से कहा है कि हम कम से कम भयभीत मूक लोगों का देश न बनें। उन्होंने कहा कि मैं यह देखकर चुप नहीं रह सकता और चुप नहीं रहूंगा कि कैसे 100 साल पहले की घटनाओं के बारे में छद्म-ऐतिहासिक बकवास रूसियों के लिए यूक्रेनी लोगों को मारने का बहाना बन गया है। पुतिन रूस नहीं हैं उन्होंने आगे कहा कि मैं खुद सोवियत संघ से हूं। मैं सभी से सड़कों पर उतरने और शांति के लिए लड़ने की अपील करता हूं। पुतिन रूस नहीं हैं। 6824 लोगों को युद्ध के विरोध में रैली करने के लिए हिरासत में लिया गया है। हम अब और इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने लोगों से अपील की है कि रूस, बेलारूस या दुनिया के किसी भी कोने में अपने शहर के मुख्य चौराहे पर जाएं और युद्ध का विरोध करें। हम सिर्फ युद्ध के विरोध में न रहें, हम युद्ध के खिलाफ लड़ें नेवेलनी ने कहा है कि अगर आप विदेश में है तो आप रूसी दूतावास में जाएं और प्रदर्शन करें। हमें डर पर काबू पाने के लिए बाहर आना होगा और युद्ध को खत्म करने की मांग करनी होगी। उन्होंने कहा है कि हर चीज की एक कीमत होती है और 2022 में हमें यह कीमत चुकानी होगी। हम सिर्फ युद्ध के विरोध में न रहें, हम युद्ध के खिलाफ लड़ें। यूक्रेन पर हमला करने के लिए पुतिन पर पहले भी साधा था निशाना इससे पहले भी रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी ने 22 फरवरी को पुतिन पर निशाना साधते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। उन्होंने कहा था कि रूस के लिए सबसे बड़ा ख़तरा यूक्रेन और पश्चिमी देश नहीं हैं, रूस के लिए सबसे बड़ा खतरा व्लादिमीर पुतिन हैं। रूस के लिए लड़ने के लिए, इसे बचाने के लिए पुतिन और उसके कट्टरपंथियों को सत्ता से बाहर करने की जरूरत है।

## अब कीड़े की तरह रेंग रहा... मऊ में मुख्तार अंसारी के खिलाफ गरजे CM योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मऊ में रैली करते हुए जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बहाने समाजवादी पार्टी को जमकर निशाने पर लिया। सीएम योगी ने मुख्तार का नाम लिए बिना इशारों में कहा कि एक माफिया खुली जीप पर असलहा लहराते हुए भय पैदा करता था और यादवों-राजभरों को पीटता था। उन्होंने कहा कि उस समय की सपा सरकार उस माफिया के सामने कीड़े की तरह रेंगती थी, लेकिन आज वह माफिया कीड़े की तरह रेंग रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''यह वही मऊ है जहां कुछ साल पहले रामलीला के दौरान दंगा हुआ था। उस दंगे में मरने वाले लोग कौन थे? यादव, खटीक, वर्मा, निर्दोष हिंदू थे। एक माफिया कैसे खुली जीप पर असलहा लहराते हुए पूरे शहर के अंदर भय और दहशत का माहौल पैदा कर रहा था। सपा की सरकार थी, कीड़े की तरह रेंगते हुए मौन थी माफिया के सामने। मैंने विरोध के लिए गोरखपुर से प्रस्थान किया था। तब भी मैंने कहा था कि सपा की सरकार माफिया के सामने



घुटने टेक चुकी है। आज सपा को हमारे बुलडोजर से परेशानी है।'' सीएम योगी ने आगे कहा, ''हमारी सरकार का बुलडोजर बोलता है। बड़े-बड़े माफियाओं की बोलती बंद करता है। जो माफिया वर्षों पहले खुली जीप पर तमंचा लहराते हुए भय का माहौल पैदा करते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठानों, यहां के यादवों, खटीकों को, अनुसूचिति जाति के लोगों को, राजभरों को मार रहे थे, उनके घरों को जला रहे थे। आज आप उस माफिया को देखते होंगे कि कैसे वह कीड़े की तरह रेंग रहा है।'' मुख्तार के चुनाव नहीं लड़ने पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने कहा, ''माफिया की अवैध कब्जे पर जब बुलडोजर चलता है, तो मऊ तमाशा देखकर ताली पीटता है। सुरक्षा की गारंटी क्या मऊ के लोगों को नहीं मिलनी चाहिए? इस सरकार का भय है कि आज माफिया चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। बैकडोर से परिवार की एंट्री करवा रहे हैं। लेकिन घबराइए मत सरकार का बुलडोजर रुकने वाला नहीं है। जो लोग इस गलतफहमी के शिकार हैं कि चुनाव के दौरान धमकी देकर लोगों को धमकाएंगे, वह बात बहुत पुरानी हो चुकी है। अब मऊ का कोई नागरिक धमकी के दबाव में नहीं आता है, बल्कि धमकीबाजों को सही सबक सिखाता है।''

## अखिलेश यादव का बड़ा दावा, धुआं उड़ाने वाले दस मार्च को हो जाएंगे धुंआ-धुंआ

समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश में मौजूदा



विधानसभा चुनाव में सपा के पक्ष में धुआंधार वोटिंग हुई है और दस मार्च को चुनाव परिणाम आने पर धुआं उड़ाने वाले धुआं-धुआं हो जाएंगे। शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में गठबंधन प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक शैलेंद्र यादव ललई के पक्ष में जमुनिया में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि मौजूदा चुनाव में सपा को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और दस मार्च को उनका गठबंधन रिकार्ड बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कहने को तो भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन काम और वादों का आंकलन करेंगे तो दुनिया की सबसे झूठी पार्टी भाजपा नजर आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों को समय पर खाद नहीं दे पाई। खाद मिली तो बोरी से पांच किलो की चोरी हो गई। अब तो उन्हें नींद नहीं आ रही है। भाजपा के लोगों को जौनपुर के लोगों ने मौन कर दिया है। पांचवें चरण में तो भाजपा के लोग शांत हो गए हैं। छठवें चरण में उनकी भांप निकाल देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में 11 लाख सरकारी पद खाली है। सत्ता में आने पर भर्ती निकाली जाएगी। सरकार बनेगी तो 24 घंटे बिजली दी जाएगी और 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। किसानों की सिंचाई माफ होगी, नौकरी और रोजगार के अवसर दी जाएगी। जरूरत पड़ेगी तो जौनपुर को एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम किया जाएगा।

## ओपी राजभर बोले- गांव में घूम रहे सांड से भाजपा वालों को बांध देना, बुरे दिन लौटाने की मांग

सातवें चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भदोही पहुंचे सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर भाजपा पर जमकर बरसे। इतना ही नहीं राजभर ने अपने तीखे भाषणों के जरिए डबल इंजन की सरकार पर खूब तंज भी कसे। राजभर ने कहा, भाजपा को वोट देने से पहले दलित-पिछड़े वर्ग के लोग एक बार जरूरी सोंचे। उन्होंने आगे कहा, भाजपा वाले जब वोट मांगने आएं तो उन्हें गांव में घूम रहे सांड़ से बांध दें। भदोही में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजभर ने कहा, भाजपा सरकार



आरक्षण विरोधी है, यह दलितों-पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर रही है। सपा-गठबंधन से चुनाव लड़ रहे सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर बोले, अखिलेश यदव के मुख्यमंत्री बनते ही पांच साल तक घरेलू बिजली बिल माफ किया जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा, जब बुरे दिन थे तब 500 और अब अच्छे दिन में 1000 का सिलेंडर हो गया है। हमें वही दिन लौट दीजिए मोदी। तेल-पेट्रोल सब दोगुना हो गया है। वापस कर दें। जनता को संबोधित करते हुए ओपी राजभर ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा, बनारस, गाजीपुर, मऊ, बलिया, भदोही और जौनपुर में भाजपा का खाता नहीं खुलने दूंगा। इस दौरान उन्होंने 125 सीटें जीतने का भी दावा किया। उन्होंने कहा, मोदी के राशन वाले नमक में बालू मिला है। भाजपा वाले आएं तो ˙ वह लौटा दें।

## हिंदू राष्ट्र शक्ति परिवार ने धूमधाम से मनाई शिवरात्रि



अमरदीप दीप
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


फर्रुखाबाद -महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री गौरी शंकर धाम बढ़पुर में बाबा भोलेनाथ एवं मां गौरी के पावन पर्व को धूमधाम से मनाया रात्रि में चारों पहर का पूजन किया गया एवं पूरी रात बाबा के भजन कर ठंडाई एवं फलों का वितरण किया गया आयोजक हिंदू राष्ट्र शक्ति फर्रुखाबाद के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कटियार ने बताया मंदिर लगभग एक 150 वर्ष पुराना है जिसका संरक्षण मेरे पिताजी श्री देवेंद्र कटियार जी करते हैं हम लोग लगभग 25 वर्षों से निरंतर महाशिवरात्रि के पर्व को मनाते चले आ रहे हैं इसमें प्रथम पूजन रात्रि 8:30 बजे द्वितीय पूजन रात्रि 12:00 बजे तृतीय पूजन रात्रि 3:00 बजे एवं चतुर्थ और अंतिम पूजन सुबह 6:00 बजे होता है जिसको श्री पांडेश्वर नाथ की मंदिर एक पुजारी श्री गिरिजा शंकर जी निरंतर कराते आ रहे हैं कार्यक्रम में श्री देवेंद्र कटियार पुष्पेंद्र कटियार अमरदीप कुशवाहा दीपक कटियार सचिन कटियार ध्रुव वर्मा महेंद्र कटियार जितेंद्र कटियार अभिषेक कटियार भगवान शरण गुप्ता अमित राठौर अंकुर तिवारी देवेश नारायण अवस्थी जितेंद्र सिंह सोमवंशी रिशु राजपूत अमन वर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे

## बदहाली के आंसू रो रहा इकौना बस स्टॉप स्थित सुलभ शौचालय

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती सरकार स्वच्छ भारत को लेकर काफी गंभीर है। स्वच्छता के अभियान को लेकर सरकार ने शहर से लेकर गांव तक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया है इकौना नगर पंचायत में बस स्टॉप पर स्थित सुलभ शौचालय में मानक के अनुरूप कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। क्षेत्रीय जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण सुलभ शौचालय जीर्ण शीर्ण हो गया हैं। इकौना बस स्टॉप पर स्थित सुलभ शौचालय आने जाने वाले राहगीरों और महिलाओं की सुविधा के लिए सरकार ने बनाया था। जिससे महिलाओं को शौच करने के लिए बाहर ना जाना पड़े। कस्बा इकौना के निवासियों ने बताया की काफी वर्षों पूर्व बना यह सुलभ शौचालय बदहाली के आंसू बहा रहा है इसमें ना पानी की व्यवस्था है ना साफ सफाई की व्यवस्था है दरवाजे भी टूटे फूटे हुए हैं सफाई नाम की चीज नहीं है गंदगी का अंबार लगा हुआ है सफाई कभी भी नहीं होती है शौचालय के दीवारों का पलस्तर छुटकर गिरने लगा है। शौचालय बदहाली के आंसू रो रहा हैं। स्नान करने की कोई व्यवस्था नहीं है शौचालय में लगे बाथरूम का सिंक भी टूटा पड़ा है। पानी की कोई सुविधा नहीं है। लगता है कई सालों से कोई सफाई नहीं की गई है इससे संबंधित आला अधिकारियों का इस और कोई ध्यान नहीं है

## चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गई सामान (ग्रिल) बरामद



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मय हमराही टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 037/2022 धारा 457,380,411 भादवि से संबंधित अभियुक्त शहरे आलम उर्फ नंदू पुत्र नसीम अंसारी निवासी लक्ष्मणपुर बाजार थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को कस्बा भिनगा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा करीब 1 माह पूर्व नवनिर्मित कचहरी से पांच अदद ग्रिल की चोरी की गई थी। चोरी हुई पांचों ग्रिल बरामद किया गया।

*अन्य खबरों के लिए देखे.*
WWW.KNLSIVE.COM

## मिशन शक्ति के तहत नवेली बुंदेली कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने की

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-मिशन शक्ति अभियान तृतीय के अन्तर्गत बेटी पढाओ-बेटी बचाव के तहत नवेल-बुन्देली कन्या जन्मोत्सव अभी तक जनपद में 25 दिसम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022 तक 2273 नवजात बच्चियों ने जन्म लिया है और इन सभी का जन्मोत्सव बडे धूम-धाम व उत्सव के साथ केक काटकर मनाया गया है। उपरोक्त जानकारी जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने नवेली-बुन्देली की सम्पन्न बैठक कलेक्टेªट सभागार में दी। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने समीक्षा करते हुए श्रम विभाग द्वारा संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवजात बच्चियों के जन्म पर जो पंजीकरण कराया जाना था उसमें प्रगति बहुत ही खराब थी। श्री पटेल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शीघ्र अवगत कराया जाए अन्यथा कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार किया जायेगा। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित किया कि अपने-अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जच्चा एवं बच्चा का टीकाकरण शीघ्र कराकर शासन की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना, जननी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि योजनाओं से नवजात बच्चियों तथा उनके माता-पिता एवं दादा-दादी को शासन से संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें जिससे समाज के लोग अपनी बच्ची के जन्म को अभिशाप नही बल्कि वरदान समझें। इसी प्रकार उपरोक्त कार्यक्रम में लगे समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपरोक्त कार्यक्रम को सक्रियता के साथ चलाया जाए जिससे बेटियां पढ-लिखकर सशक्त बनेंगी और उनसे हम सभी लोंगो को दुआयें मिलेंगी। बैठक में ज्वाइंट मजिस्टेªट/जिला प्रोबेसन अधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर जिलाधिकारी एम0पी0सिंह, नगर मजिस्टेªट केशव नाथ गुप्ता, जिला विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रामपाल, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु सौरभ यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे



## बांदा जिलाधिकारी कार्यालय पहुची पीड़ित महिला बच्चों सहित लगाई न्याय की गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जिला कलेक्ट्रेट परिसर का है जहां पर श्रीमती सरोज पत्नी स्वर्गीय नत्थू निवासी ग्राम खेरा थाना मरका जनपद बांदा की रहने वाली है ,उनके द्वारा बताया कि मेरे पति की मृत्यु लगभग 5 साल पहले हो गई थी मेरे पति क्रेशर लाइन कंपनी में सर्च बिल्लू स्टोन कंपनी ग्राम पाली जोन जिला फरीदाबाद हरियाणा में मजदूरी का काम करते थे। मृत्यु के पश्चात कंपनी द्वारा रुपए 6 , 54,000 रुपए मात्र मेरे खाते में भुगतान किया गया था पीड़िता एक अनपढ़ महिला है व अशिक्षित है, पीडिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे देवर लल्लू पुत्र स्वर्गीय श्री नथू द्वारा मुझे मात्र हस्ताक्षर दिखाकर बैंक से मेरे खाते का एटीएम बनवा कर समस्त पैसे मेरे खाते से आहरण कर लिया है पीड़ित के पास कुछ नहीं बचा है पीड़िता के 1 पुत्र उम्र 7 वर्ष व दो पुत्रियां बड़ी पुत्री 10 वर्ष और छोटी 6 वर्ष की है पीडिता मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करती है जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देते हुए पैसा वापस दिलवाये जाने की मांग की है

## 10 मार्च को प्रात: आठ बजे से प्रारम्भ होगी मतगणना

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूँ - विधानसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 10 मार्च को प्रात: 08 बजे से मंडी समिति बदायूँ में प्रारम्भ होगी। मतगणना को लेकर समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा प्रत्याशियों एवं उनके एजेंट्स के में आने के अलग-अलग रास्ते निर्धारित किए गए हैं। मतगणना कार्मिक मुख्य द्वार गेट नं0 एक से वाहन सहित ड्यूटी कार्ड के साथ प्रवेश कर सकेंगे। अधिकारी भी इसी गेट से ही प्रवेश करेंगे। विधानसभा क्षेत्र 112 बिसौली, 113 सहसवान, 114 बिल्सी एवं 115 बदायूँ के प्रत्याशी एवं मतगणना एजेंट मण्डी समिति के गेट नं0 दो से प्रवेश करेंगे, उनके वाहन की पार्किंग मंडी के सामने खेत में होगी। विधानसभा क्षेत्र 116 शेखूपुर एवं 117 दातागंज के प्रत्याशी एवं मतगणना एजेंट अनेजा ग्राउंड से प्रवेश करेंगे, उनके वाहन की पार्किंग भी अनेजा ग्राउंड में ही होगी। गेट नं0 दो से ही मीडिया बंधु मीडिया सेंटर के लिए प्रवेश कर सकेंगे। बिना परिचय पत्र के कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेंगे डीईओ ने अवगत कराया कि कोई भी प्रत्याशी एवं मतगणना एजेंट मतगणना परिसर में ज्वलनशील पदार्थ, मोबाइल, कैल्कुलेटर, स्मार्ट वॉच सहित कोई भी इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबिलों पर ईवीएम से मतगणना होगी। डाक मतपत्रों के लिए बदायूँ विधानसभा में तीन एवं अन्य सभी विधानसभाओं में दो-दो टेबिलें लगाई जाएंगी। सर्विस मतदाताओं से प्राप्त इलैक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम( ईटीपीबीएस) की क्यूआर कोड की स्कैनिंग के लिए प्रत्येक विधानसभा में एक-एक अतिरिक्त टेबिल लगाई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, जिससे ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाए। डीईओ-एसएसपी ने मतगणना परिसर का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा।

# कुन्दरकी में ब्लाक सभागार का हैंडपंप खराब, पेयजल संकट



मुरादाबाद-ब्लाक सभागार में लगा सरकारी हैंड पंप खराब होने से लोगों को पीने पानी की दिक्कत हो रही है। ब्लॉक में आने जाने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों ने सरकारी हैंडपंप जल्दी ही सही कराने की मांग की है। ब्लॉक सभागार में लगा सरकारी हैंडपंप खराब पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है। इससे ब्लॉक सभागार में लोग पानी के लिए इधर उधर भटकते नजर आते हैं। यह हाल तब है जबकि ब्लॉक कार्यालय पर उच्चाधिकारी भी निरीक्षण करने आते रहते हैं। लेकिन किसी ने भी खराब पड़े सरकारी हैंडपंप की मरम्मत की सुध नहीं ली। इससे लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों ने सरकारी हैंडपंप जल्दी ही सही कराने की मांग की है।

# चित्रकला के जरिए रूस-यूक्रेन युद्ध की विभीषिका बयां की




मुरादाबाद-एमएच डिग्री कॉलेज के ललित विभाग की ओर से रूस-यूक्रेन युद्ध पर चित्रकला के माध्यम से शांति की अपील की गई। आर्ट फॉर सोशल कॉज के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी में पेंटिंग व इंस्टालेशन के माध्यम से युद्ध की विभीषिका को प्रदर्शित किया गया। डॉ नरेंद्र सिंह ने चित्र के माध्यम से जबकि इंस्टालेशन में संयुक्त रूप से डॉ रवीश कुमार, मुकेश सैनी, कुलविंदर कौर, मो फैजान, विनय, अजय, मनोज सैनी, स्वादेकीन, स्वालेहा, खुशनुमा अंजुम, पूनम कौलिक व राखी ने स्टॉप वॉर सेव ह्यूमैनिटी का संदेश दिया। भारतीय छात्र की यूक्रेन में दुखद मौत पर चित्रकला के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय प्रबंधक डॉ काव्य सौरभ रस्तोगी ने कहा कि युद्ध किसी भी स्थिति में लाभकारी नहीं होता। प्राचार्य डॉ सुधीर अरोरा ने कहा कि युद्ध के परिणाम सदैव विनाशकारी होते हैं। डॉ मुकेश गुप्ता, डॉ प्रियंका गुप्ता, डॉ मनीष भट्ट, डॉ अजीत दीक्षित, डॉ डीपी पांडेय, डॉ अब्दुर्रब, डॉ मो अय्यूब, डॉ असमां अजीज, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, अखिलेश सोनी, डॉ कामिनी, डॉ इंदिरा कश्यप आदि मौजूद रहीं। डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी आगामी 5 मार्च तक अवलोकनार्थ जारी रहेगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# बार एसोसिएशन में 31 नामांकन पत्रों की बिक्री, 19 उम्मींदवारों ने किया नामांकन पत्र जमा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नामांकन पत्रों की बिक्री अंतिम दिन तक 31 पर्चो को बिक्री हुई, जबकि 19 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। चुनाव अधिकारी हीरालाल अग्रवाल एडवोकेट और सफदर अली खां एडवोकेट ने बताया कि बुधवार तक अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र सिंह , प्रमोद कुमार, रजनीश प्रताप , अशोक कुमार गहलौत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार चौहान, मनुब्बर अली सिद्दीकी, नरेश कुमार चौहान, उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र कुमार, के ,के , विश्नोई, मुजाहिद अली, कुलवंत सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए महमूद अली, राजकुमार यादव, महासचिव पद के लिए बृजेंद्र सिंह, रजनीश प्रताप, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मोहम्मद सलीम, कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार नायक, मुकेश सिंह पाल, अनारूल हक ,सहसचिव पद के लिए सनाउल मुस्तफा, सरफराज हुसैन, कृष्ण पाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सदस्य पद के लिए मोहम्मद सलमान सैफी, मोहम्मद जाहिर, मोहम्मद अकरम, मुस्तफा, स्वतंत्र बाबू ने पर्चो की खरीदारी की, जबकि 19 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारी ने बताया कि गुरूवार को शेष नामांकन पत्रो को जाम किया जाएगा। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी होगी। 9 मार्च को मतदान होगा।

# तीसरे बैंच का प्रशिक्षण शुरू



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- बुधवार को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबंधित प्राथमिक शिक्षकों के तीसरे बैच का प्रक्षिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,निपुण भारत,सीखने के प्रमुख सिद्धान्त, सामाजिक एवं भावनात्मक जुड़ाव और बुनियादी गणित के कौशलों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के लिए अनेक खेल और गतिविधियां कराई गई। एस आर जी सचिन शुक्ला द्वारा एफ एल एन के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता के रूप में योगराज सिंह,नवनीत विश्नोई, सतीश मोहन, कृष्ण कुमार और पीयूष कुमार प्रशान्त उपस्थित रहे।

WWW.KNLSLIVE.COM

# कैंसर व एड्स के प्रति जागरूक किया



मुरादाबाद- गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज की रासेयो इकाई के सात दिवसीय शिविर में दूसरे दिन कैंसर व एड्स जागरूकता को अभियान चलाया गया। प्राचार्या प्रो चारू मेहरोत्रा के निर्देशन में जागरूकता अभियान की शुरुआत लक्ष्य गीत से की गई। स्वयंसेविकाओं ने बस्ती के लोगों को योगाभ्यास कराया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ विनीता अग्रवाल द्वारा बस्ती की महिलाओं एवं स्वयं सेविकाओं को गर्भाशय कैंसर एवं एड्स होने के कारणों एवं उनके बचाव के उपायो से अवगत कराया। उप-प्राचार्या डॉ अंजना दास, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ रेनू शर्मा के अलावा तस्मिया, मुस्कान, अदीबा आलम ,अलीशा, जुबिया, दानिया ,अदीना, शिवि , खुशबू आदि स्वयंसेविकाएं शामिल रहीं।

# उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया



मुरादाबाद-पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शैलेंद्र कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति पर एसपी सिटी बरेली, रविंद्र कुमार ने शैलेंद्र कुमार शर्मा के सेवाकाल की सराहना की। शैलेंद्र कुमार शर्मा ने राष्ट्र सेवा के साथ ही निरंतर समाज सेवा करते रहने की बात कही। पुलिस विभाग से पुनीत भटनागर, रघुवीर यादव, चंद्रपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, विशाल यादव के साथ ही आशीष गौतम मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Worsening conditions


When representatives of the warring Russia and Ukraine began talks on the Belarus border on Monday, there was a hope that there might be some way of avoiding further disaster and the period of bloodshed would end. But after the failure of the talks, this war has now taken an ugly turn. It is reported that with the invasion of Belarus, the third party has entered in it and this fight has progressed towards World War. NATO countries were already helping Ukraine covertly with weapons and other resources, now if any country has come directly, then the role of NATO countries will become important. Obviously, all the countries of the world will have to revise their strategy, because many countries share interests in different types of agreements with the United Nations. For countries like India, the challenge of balancing is more complicated. Russia is a trusted friend of ours and the warm relations with Ukraine testify to the presence of thousands of students there."In such a situation, the death of Indian student Naveen Shekharappa in Kharkiv, Ukraine's second largest city, is very sad and the country is praying for the well being of its children who are still trapped there. On Monday itself, in a high-level meeting chaired by Prime Minister Narendra Modi, the government had decided to make 'Operation Ganga' a war-level form and send four of its senior ministers to four neighboring countries adjoining Ukraine, so that they can cooperate with those governments. To get his people out safely. The embassy yesterday also issued an advisory for the Indians living in Ukraine to leave the capital Kyiv as soon as possible, but unfortunately the situation in Kyiv and Kharkiv rapidly deteriorated and in all the unpleasant news a painful information about Naveen We got Arguably, after this news, the pressure has increased on the government to evacuate all Indians from there as soon as possible. Worryingly, this task has now become much more complicated. The Russian army is moving more aggressively and, according to the Kharkiv governor, is also targeting civilian targets. The authenticity of the claims and counterclaims in any war is always questionable, and the truth lies only with the victims. This war will also stop, inflicting deep wounds on humanity, but its ill effects will continue to shudder the world for years. The Corona pandemic has made life difficult for the poor and low-income people in countries around the world. Now after this war, once again there will be a competition among the countries to strengthen their armies, and the subjects of public concern will be pushed to the margins. For a country like India, the challenge has become even more serious because two countries in our neighborhood have been increasing our problems for decades. It is said that the diplomacy of a country is tested only in difficult situations. The central government must ensure that our children return home safely from Ukraine without incurring any further harm. India's stand in this war has been balanced so far, but the days to come will be its tough test.

# Gangubai Kathiawadi: Alia Bhatt's film heading towards 100 crores, earned 57 crores in just 5 days




Alia Bhatt starrer 'Gangubai Kathiawadi' has earned more than 50 crores at the Indian box office alone. The total collection of the film has crossed Rs 57 crore within just 5 days. As far as the film's international business is concerned, the Alia Bhatt starrer has done around Rs 75 crore. Directed by Sanjay Leela Bhansali, the film stars Ajay Devgn, Vijay Raaz and Shantanu Maheshwari. The film is getting a lot of praise. Alia Bhatt's film at the box office - Kangana Ranaut, who was criticizing the film by calling Alia Bhatt 'Bimbo' and 'Papa ki Pari' before the release of the film, is also silent after its tremendous collection. Talking about the box office collection of Gangubai Kathiawadi, the film had earned Rs 10 crore 50 lakh on the day of its release. On Saturday, there was a tremendous jump in the business of the film and the film earned Rs 13.32 crore. Earned Rs 19 crore. On Tuesday, the film earned Rs 10 crore 1 lakh and on Wednesday also its collection can be good. In this way, the film has earned only around Rs 57 crore 32 lakh from the Indian box office. - Despite the controversies, the film, which dominated the box office, is based on the book 'Mafia Queens of Mumbai'. Alia Bhatt played the role of Gangubai in the film. Before the release of the film, there was controversy regarding its title and all such things, but after the release, the film has managed to do tremendous business at the box office. It has to be seen how much the total collection of the film remains.

# Disha Patani announces breakup on Tiger Shroff's birthday? Fans got 440 volt shock



Tiger Shroff's girlfriend Disha Patani has wished him a birthday through social media. Tiger Shroff is celebrating his 31st birthday today. While sharing a super cute video of Tiger Shroff, Disha Patani wrote – Happiest birthday my best friend. Thank you for inspiring millions like us through your hard work and your lovely soul. you are so cute Tiger Shroff is seen smiling in this video with glowing skin. Broken relationship with Tiger Shroff? - This video of Tiger Shroff has got more than 2 lakh likes in a few minutes. Many celebrities have wished Tiger Shroff a birthday on the video. As far as the comment section is concerned, many fans took a jibe at Disha for calling Tiger her best friend. It is known that Tiger Shroff and Disha Patani are dating each other for a long time. Disha stuck by telling boyfriend a friend - A user wrote in the comment section - Hey it has made friendzone. Another user wrote – Best friend mean? While a user has made many laughing emojis describing Tiger Shroff as a friend zone, a person wrote – Best friend told brother. Tiger Shroff and Disha Patani are not only dating each other for a long time but there is also a buzz about their marriage. But in the meantime, writing such a thing for Tiger is raising many questions. Are Disha and Tiger separated now? It is too early to say anything about this now. Both girlfriend-boyfriend are fitness freaks- It is known that both Tiger Shroff and Disha Patani are fitness freaks. While Tiger Shroff is very amazing in martial arts, Disha Patani is also often seen doing gym or martial arts. Disha Patani can be seen doing action scenes in many films. Disha Patani has been the first to wish Tiger on social media.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## व्यवसाई अबरार हुसैन की गोली लगने से संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-परिजनों ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ दी तहरीर, पुलिस जाँच में जुटी, कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला पोता नगला निवासी और जूता व्यवसाई स्वर्गीय इंतजार हुसैन के 25 वर्षीय बेटे अबरार हुसैन की गोली लगने से बीती रात संदिग्ध मौत हो गयी थी,जिसका परिजनों ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया हैं कि अज्ञात हत्यारों ने दुकान से घर जाते वक्त गोली मारकर हत्या कर हत्यारे शव को फेंक कर फरार हो गए, फिलहाल कोतवाली नगर पुलिस घटना के छोटे से छोटे सभी पहलुओं पर बारीकी से जाँच कर हत्या प्रकरण का जल्द खुलासे की बात कह रहे है।

## छात्र व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वी डी इण्टर मीडिएट कालिज अमरपुरा वोदला थाना जगदीश पुरा आगरा के छात्र व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा । आगरा।आज दिनांक 02.03.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने वी डी इण्टर मीडिएट कालिज अमरपुरा वोदला थाना जगदीश पुरा आगरा के छात्र व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । तथा



ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो मे आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई ।तथा स्कूल मे उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की भी जानकारी दी गई ।तथा साथ ही साथ छात्र व छात्राओ को मौक ड्रिल भी कराई गई । तथा एल पी जी गैस सिलेंडर पर खाना व चाय वनाते समय आग लगने पर आग वुझाने की व वुझातै समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये । तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने छात्र व छात्राओ को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । मौके पर उपस्थित मैनजमेंट से श्री अंकुर रावत स्टाफ के के शर्मा, विनोद गुप्ता, अनीता तिवारी, सजय कटारा, सतपाल सिंह गार्ड आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

## जूता व्यापारी की गोली मारकर की थी गई निर्मम हत्या



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कोतवाली नगर के बालाजी मंदिर के पास नंगला पोता पर जूता व्यापारी की देर रात संदिग्ध मौत मामले में आया नया मोड़, पोस्टमार्टम में हुआ गोली लगने का खुलासा, जूता व्यापारी की गोली मारकर की थी गई निर्मम हत्या, एडिशनल एसपी कालू सिंह ने परिजनों की हर संभव मदद का दिया भरोसा, परिजनों ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ दी तहरीर, पुलिस जाँच में जुटी परिजनों ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया हैं अज्ञात हत्यारों ने दुकान से घर जाते वक्त गोली मारकर की हत्या कर हत्यारे फरार हो गए फिलहाल कोतवाली नगर पुलिस घटना के छोटे से छोटे सभी पहलुओं पर बारीकी से जाँच कर हत्या प्रकरण का जल्द खुलासे की रहे है

## एटा डिपो में मानक के हिसाब से परिचालकों की काफी संख्या कम टिकट मशीनों का भी टोटा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- परिवहन निगम के जनरल मैनेजर और अलीगढ़ परिक्षेत्र के नोडल अधिकारी विवेक माथुर से एआरएम ने वर्कशाप में नए भवन निर्माण की मांग रखी है।

साथ ही परिचालक और टिकट मशीनों की भरपाई के लिए भी नोडल अधिकारी से मांग की गई है। डिपो में मानक के हिसाब से परिचालकों की काफी संख्या कम है। दशकों पहले बने वर्कशाप का भवन सड़क से काफी नीचे और जर्जर हालत में हैं। कर्मचारियों में हादसा होने का अंदेशा रहता है। इसे देखते हुए एआरएम ने परिवहन निगम के जीएम से नए भवन निर्माण का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा एआरएम ने डिपो में परिचालकों की तैनाती कम होने को लेकर नई भर्ती कराने की भी मांग की है।

डिपो में मौजूदा समय में 292 परिचालक कार्यरत हैं। जो मानक के हिसाब से 40 कम हैं। इसे लेकर बसों के संचालन कराने में अधिकारियों को काफी परेशानी होती है। वहीं दूसरी तरफ डिपो में टिकट मशीनों का टोटा पूरा कराने की भी अलीगढ़ परिक्षेत्र के नोडल अधिकारी से मांग रखी गई है। वहीं एआरएम राजेश यादव ने बताया कि होली के त्योहार पर सभी बसों का संचालन कराने के लिए जीएम ने आदेश दिया है। इसे लेकर तैयारियां शुरू करा दी गई हैं। बुद्ध विहार डिपो एआरएम को हिदायद-सोमवार को परिवहन निगम कार्यालय में जीएम विवेक माथुर ने अलीगढ़ परिक्षेत्र के सभी एआरएम के साथ बैठक की। इसके दौरान बुद्ध विहार डिपो की आमदनी कम और डीजल खपत अधिक होने सहित अन्य कमियों को लेकर एआरएम वाईपी सिंह को सात दिन में सुधार करने की नोडल अधिकारी ने हिदायत दी है।

## मंदिर में स्थापित मूर्तियों को अराजकतत्वों ने किया खंडित

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - छर्रा क्षेत्र के ग्राम धनसारी में एक धर्मशाला प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में अज्ञात असमाजिक तत्वों ने चार प्रतिमाएं तोड़ कर खंडित कर दी। जानकारी होने पर ग्रामीण एवं हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और दोषियों को पकड़ कर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ छर्रा विशाल चौधरी एवं कोतवाली छर्रा, दादों, पाली व गंगीरी का पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाएं हैं। ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## परीक्षा फर्जीवाड़े के पाँच आरोपित रिमांड पर, कई उपकरण बरामद



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - उत्तर प्रदेश पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा नवंबर 2021 में साल्वर बिठाकर परीक्षा कराने की शिकायत के आधार पर बन्नादेवी पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश किया था। इसमें परीक्षा कराने वाली कंपनी का सेंटर हेड भी शामिल था। यह गिरोह महर्षि इंटर कालेज के पास मकान में चल रहा था। साथ में कंप्यूटर, सीपीयू समेत कई उपकरण मिले थे। गिरोह ने परीक्षा केंद्र में केबिल डालकर सिस्टम को हैक कर लिया था। जिसके दस आरोपित जेल में है। इसी के चलते मंगलवार को भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने वाले गिरोह के पाँच आरोपितों को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने परीक्षा संबंधी उपकरण बरामद किए हैं।

WWW.KNSLLIVE.COM

## रोडवेज विभाग के परिसर में गंदगी को आसरा



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - रोडवेज विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय और बुद्ध विहार डिपो का वर्कशाप और परिसर में तमाम जगहों पर गंदगी दिखाई पड़ती है। कार्यालय ऐसा कि 2 मिनट भी खड़ा होना मुश्किल है। नालिया भी कूड़े से भरी पड़ी हैं, उस से दुर्गंध उठती है। महीनों से नालियों में सफाई नहीं हुई है। सप्लाई के लिए जाने वाली पाइप लाइनें भी लीकेज है। नाली से होकर जाती टूटी पाइपलाइन से कई बार नाली का पानी पाइप लाइन में प्रवेश कर जाता है। मजबूरी में ये पानी कर्मचारियों को पीना पड़ता है। कार्यालय की जर्जर इमारत भी लोगों को अब डराने लगी है।

## कलयूगी पति ने मुखबधीर पत्नी व नाबालिग पुत्र को धारदार कुल्हाड़ी से सिर पर वार करके जानलेवा हमला किया अपराध दर्ज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- बिहारपुर - थाना चांदनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावाटोला निवासी विजयशंकर साहू पिता रामधारी उम्र 42 वर्ष ने अपनी मुखबधीर पत्नी कमला देवी पर अवैध शंका कर हमेशा लड़ाई झगड़ा करता था आरोपी पति 1 माह पूर्व गाजा के केश में जेल से छुटकर आया था दिनांक 27 फरवरी को प्रातः 4 बजे आरोपी विजयशंकर साहू ने सो रही गुंगी बहरी पत्नी कमला देवी को धारदार कुल्हाड़ी से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया हल्ला सुनकर तब तक सो रहा 13 वर्षीय नाबालिग लड़का युगेश साहू उठ कर मां का बिच बचाव करने लगा तो उसपर भी कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर आरोपी फरार हो गया सुबह ग्रामीणो ने 108 पर फोन कर हास्पीटल से एम्बुलैंस मंगाया गया अस्पताल में डाक्टरो ने नाजूक हालात को देखते हुए तूरंत थाना चांदनी में सूचना दी तत्काल थाना स्टाप मौके पर पहूंच कर पुत्र यूगेश साहू के रिपोर्ट पर धारा 307 अपराध दर्ज कर आरोपी विजयशंकर साहू को पकड़ कर जेल भेज दिया गया।

## कलेक्टर ने सुनी जनसंवाद कक्ष में ग्रामीणों की समस्याए




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला वन मंडल अधिकारी श्री मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव की उपस्थिति में आज जिला कलेक्टोरेट में स्थित जन संवाद कक्ष में विभिन्न मांगो एवं समस्याओं को लेकर जनसंवाद कक्ष में पहुंचे ग्रामीणों जनो की आवेदनों का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं व मांगों को त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ सिंह ने आज जनसंवाद कक्ष में राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, बिजली वोल्टेज की समस्या, ट्राई साइकिल डबरी कुआं निर्माण, स्वीपर पद पर नियुक्ति, पट्टा वितरण किए जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए जिसे कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई कर नियमानुसार निराकरण करने के लिए निर्देश दिए है।। सड़क समस्या, पानी समस्या सहित स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने के आवेदन प्राप्त हुए जिसे त्वरित सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व संबंधित प्रकरणों को भी विधि अनुसार निराकरण करने कहा है।

# राष्ट्रीय मतदाता प्रतियोगिता में भाग लें और जीते आकर्षक नकद पुरस्कार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- भारत निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को दोहराने के लिये एक राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता मेरा वोट मेरा भविष्य एक वोट की शक्ति शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में लोगों की प्रतिभा और रचनात्मकता का उपयोग करती है, जबकि उनकी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को और भी मजबूत करती है। इसका उद्देश्य सभी आयु समूहों के लिये सुलभ और क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से लोकतंत्र में हर एक वोट के महत्व के विषय पर तैयार किये गये विचारों और सामग्री का जश्न मनाना है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के भाग के रूप में प्रतियोगिता की 05 श्रेणिया है, जिनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वीडियो निर्माण और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता शामिल है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उक्त सभी प्रतियोगिता में नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसकी विस्तृत जानकारी के लिए निर्वाचन की वेबसाईट पर दिशा-निर्देश, नियम और शर्तें देखी जा सकती है। उक्त सभी प्रतियोगिता में नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसमें गीत प्रतियोगिता, वीडियो बनाने की प्रतियोगिता और पोस्टर डिजाईन प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जायेगा। संस्थागत पेशेवर और शौकिया प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को रोमांचक नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त श्रेणी में विशेष उल्लेख श्रेणी के तहत नकद पुरस्कार होंगे। संस्थागत श्रेणी में 04 विशेष उल्लेख होंगे। जबकि व्यावसायिक और शौकिया श्रेणी में प्रत्येक में 03 विशेष उल्लेख होंगे। विभाजित प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक पुरस्कार गीत प्रतियोगिता में संस्थागत श्रेणी के तहत प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 30 हजार दिए जाऐंगे। इसी प्रकार व्रीडियो निर्माण प्रतियोगिता के संस्थागत श्रेणी में 2 लाख रुपये प्रथम विजेता, द्वितीय के लाख और तृतीय को 75 हजार रुपये दिया जाएगा। इसके बाद पोस्टर डिजाईन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार और तृतीय पुरस्कार 20 हज़ार रुपये दिये जाएंगे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रणाम पुरस्कार 20 हजार, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 7500 रुपये तथा 50 प्रतिभागियों उल्लेख पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियों को विवरण के साथ निर्वाचन के मेल आई थी पर 2-2 हजार का विशेष उल्लेख पुरस्कार दिया जायेगा । प्रतिभागी अपने प्रविष्टियों को विवरण को मेल आई पर ई-मेल करेंगे। प्रतिभागी जिस प्रतियोगिता और श्रेणी के लिए आवेदन कर रहा है उसका नाम ई-मेल के माध्यम से स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को प्रतियोगिता वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। सभी प्रविष्टिया 15 मार्च, 2022 तक उक्त ई-मेल आई-डी voter-contest@eci.gov.द्वठ्ठ से भेजी जा सकती है।

## बकिरमा के हॉट बाजार में लगाई गई सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- जिले के प्रेमनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत बकिरमा के साप्ताहिक हॉट-बाजार में आज बुधवार से छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन प्रारम्भ हो गया है। हाट-बाजार करने आए ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों तथा बच्चों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फ़ोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया । कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जिले के 10 बड़े हाट-बाजारों में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 02 मार्च 2022 से 11 मार्च 2022 तक हाट-बाजारों में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ग्रामीणों ने कहा प्रदर्शनी में दिखी विकास कार्यों की झलक- श्रीमती बेबी पति जीवन सिंह,सरपंच ग्राम पंचायत बकिरमा ने कहा कि शासकीय योजनाओं की जानकारी मिलने का अच्छा स्त्रोत है जनसंपर्क विभाग की यह प्रदर्शनी। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं की जानकारी एक ही जगह पर मिलने से नागरिकों को समझने में आसानी होगी। श्री दयाराम साडिल्य पूर्व सरपंच ग्राम नवापारा कला ने कहा कि शासन की योजना के प्रचार-प्रसार के लिए लगाई गई यह छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर प्रशंसनीय है। इस प्रकार के आयोजनों से लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती है। श्रीमती कलावती , मितानिन ग्राम पंचायत बकिरमा ने कहा कि फोटो प्रदर्शनी में शासकीय योजनाओं के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की तस्वीरें संजोयी गई है जो बहुत अच्छी लगी। श्री जय कुमार प्रजापति ग्राम नकना ने कहा कि प्रचार सामग्री भी बहुत अच्छी है जिनमे सभी विभाग की उपलब्धियों को बताया गया है। श्रीमती लीलावती सिदार, मितानिन ग्राम कोटेया ने कहा कि इन योजनाओ की जानकारी लेकर जरूरतमंद व्यक्ति लाभ भी उठा सकते हैं। सूचना शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीण किसानों को सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाशित सामग्री निःशुल्क वितरण किए जा रहे है प्रदर्शनी स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी वाले पॉम्पलेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी में आकर्षक सनबोर्ड के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना - मुख्यमंत्री किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, स्वास्थ्य योजनाएं, वनोपज, बिजली बिल हाफ योजना, श्रम सम्मान-श्रमिकों को सुविधाओं के नए आयाम, वनोपज से वन आश्रितों के जीवन में बहार, युवाओं को नए रोजगार के अवसर, छत्तीसगढ़ी तीज त्योहारों पर नए सार्वजनिक अवकाश, नारी सशक्तिकरण के नए कदम, रोका-छेका अभियान, गोधन न्याय योजना, जल जीवन मिशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, जन स्वास्थ्य के बड़े कदम, सुराजी गांव योजना, छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना, श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर के तहत सस्ती दवाइयों की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। विदित हो आगामी प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन 03 मार्च को प्रेमनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत तारकेश्वरपुर में किया जाएगा।